OFFICE OF THE PRINCIPAL
GOVT. DR. W. W. PATANKAR GIRLS P.G. COLLEGE
NEAR KENDRIYA VIDYALAYA, JAIL ROAD, DURG (C.GS.) PHONE 0788 2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurgS.com
College Code: 1602

# Cultural Activities
# (2020-2021)

| S.NO. | DATE | NAME OF ACTIVITIES |
|---|---|---|
| 1 | 01/06/2020 | EK BHARAT SHRESHTH BHARAT |
| 2 | 05/09/2020 | ON LINE TEACHER DAY |
| 3 | 30/10/2020 | DESI DAY (ONLINE) |
| 4 | 24/09/2020 | RANGNATHAN JAYANTI (LIBRAY) |
| 5 | 16/02/2021 | BASANT PANCHAMI |
| 6 | 16/04/2021 | AJADI KA AMRIT MOHOTSAV |
| 7 | 29/04/2021 | INTERNATIONAL DANCE DAY |
| 8 | 15/05/2021 | ONLINE (YOUTUBE PRESENTATION) IMPROVE YOUR MUNITY |
| 9 | 01/06/2021 | YOUTUBE (ABOUT BASIC HEALTH CONDITION) |
| 10 | 21/06/2021 | VIRTUAL YOGA DAY |
| 11 | 08/03/21 | रजा लय (चित्रकला कार्यशाला) |

S.L

PRINCIPAL
Govt. Dr W W Patankar
Girls' P.G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.09.2020

# वर्चुअल शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में कोरोना संक्रमण काल की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष वर्चुअल तरीके से शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया।

यूजीसी द्वारा द्वारा इस वर्ष **'शिक्षक हमारे प्रेरणास्त्रोत'** और **'भारत के शिक्षक'** विषय पर आयोजन करने के निर्देश दिये गये थे। ऑनलाइन आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ दीपक कारकून थे। जिन्होंने कहा कि यह समय धैर्य बनाये रखने का है, हम सभी आवश्यक बचाव करते रहें इस विषम पारिस्थिति में ऑनलाइन शिक्षण के जो प्रयास किये जा रहे वे बेहद सराहनीय हैं। आप सभी इस हेतु बेहतर प्रयास कर रहे हैं।


महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि ऑनलाईन शिक्षण व्यवस्था के जरिए हमें विद्यार्थियों के कॅरियर के महत्वपूर्ण समय को उपयोगी बनाना है। विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन एवं सलाह की आवश्यकता है। उन्होनें विद्यार्थियों को भी साहस एवं धैर्य के साथ अपने अध्ययन को जारी रखना है वे निराश न हो समय–समय पर अपने शिक्षकों से परामर्श लेते रहें।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जिक्र करते हुए उनके शिक्षको के प्रति सम्मान को बताया। अपनी बातों को कम शब्दों में कहना उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी और उन्होंने कहा की जिनसे से भी हमने इस जीवन में कुछ सीखा है उनके प्रति धन्यवाद करें।

विज्ञान संकायप्रमुख डॉ. आरती गुप्ता ने कहा गुरुजन ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके शिल्प से मिट्टी रूपी शिष्य एक लाजवाब मूर्ति में बदल जाता है, उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में घटित एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि किस तरह उन्होंने अपने वरिष्ठ से समय की पाबंदी सीखी।

रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि आज के इस विशेष दिन पर छात्राओं के लिए काउंसिलिंग सेशन वेबिनार के माध्यम से रखा गया था जिसमे छात्राओं ने कहा वे महाविद्यालय खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं हालाँकि वर्तमान परिस्थिति से चिंतित भी है।


रासेयो प्रभारी एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा इस समय ने हमे बहुत कुछ सिखा दिया है आगे भी इस संक्रमण का सामना एकजुटता से करना होगा इसके साथ ही उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।




PRINCIPAL
Govt. Dr W.W. Patankar
Girls' P.G. College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# Virtual Teacher's Day





# Report of Activities conducted under EBSB for the month of June 2020


| S.No | Name of the Institution | Name of the Actvity | Place/Institution | Date | Number of Participants | Remarks | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | Govt W.W. Patankar Girls College Durg | महाविद्यालय की एक भारत श्रेष्ठ भारत छात्राओं के लिये जूम एप पर वेबिनार आयोजित किया गया जो "कोरोना-विभिन्न गतिविधियाँ" पर आयोजित था। वेबिनार के पश्चात् जोड़ीदार कालेज की नोडल अधिकार प्रार्थना पुरोहित को हम-तुम श्रेष्ठ क्लब के व्हाट्सप ग्रुप में जोड़ा गया एवं उनके माध्यम से सहायक प्रभारी डा. पंकिता मेहता एवं कन्या महाविद्यालय दुर्ग की डा. यशेश्वरी ध्रुव को जोड़ा गया। | Digital Platform | 1 जून | 40 | EBSB Webinar 01 June 2020 | |
| | | अहमदाबाद शास. पालीटेक्निक कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को हम-तुम श्रेष्ठ क्लब में जोड़ा गया। | Digital Platform | 2 जून | 80 | Pair Group - Ham-Tum | |
| | | दोनों महाविद्यालय की छात्राओं का आपस में परिचय कराने के लिए उन्हें कुछ परिचयात्मक प्रश्न दिये गये, जिनका छत्तीसगढ़ी और गुजराती भाषा में उत्तर देना था। आपसी परिचय के पश्चात् दोनों महाविद्यालय की एक-एक छात्रा की आपस में जोड़ी (पेयर बडीज़) बनाई गई। 40 जोड़ियाँ बनीं, साथ ही प्राचार्य एवं नोडल की आपस में (पेयर बडीज़) में बनाई गई। | Digital Platform | 3 जून | 80 + 04 | https://youtu.be/nSnB6sY3a1E | |
| | | सभी जोड़ियों को अपनी जोड़ीदार के साथ फोटो और नाम छत्तीसगढ़ी एवं गुजराती भाषा में लिखकर पोस्ट करने कहा गया। सभी जोड़ियों ने बड़े उत्साह के साथ इसे पूर्ण किया। | Digital Platform | 5 जून | 40 pairs | EBSB Language | |
| | | दोनों महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में वेबिनार का आयोजन किया गया। दोनों महाविद्यालयों के नोडल अधिकारियों ने अपने राज्य की प्रमुख विशेषताओं को पावरप्वाईन्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया। | Digital Platform | 10 जून | 70 | http://sundaycampus.com/?p=20603<br>एक भारत-श्रेष्ठ भारत(हमर-छत्तीसगढ) | https://youtu.be/JPKy32MeDHg<br>Glimpse of GUJARAT |
| | | छात्राओं को अपने राज्य के किसी लोकनृत्य का प्रदर्शन करते हुये स्वयं का वीडियो / अन्य किसी का नृत्य अपलोड करने कहा गया। | Digital Platform | 11 जून | 40 | https://youtu.be/n7nr7XXQT_4<br>छत्तीसगढ लोकनृत्य - राउत नाचा-1 | ebsb garba<br>yoga |
| | | छात्राओं ने रेड रिबन क्लब आॅनलाईन प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। | Digital Platform | 14 जून | 40 pairs | RED RIBBUN CLUB | |
| | | दोनों राज्यों की छात्राओं ने अपनी बनाई कलाकृतियों एवं अपने राज्य की जानकारी प्रस्तुत की। | Digital Platform | 16 जून | 40 pairs | https://youtu.be/4CDtinN3bco<br>જય જય ગરવી ગુજરાત | EBSB gujarat |
| | | छात्राओं को छत्तीसगढ़ या गुजरात के किसी मंदिर के विषय स्वयं की आवाज में वर्णन करना उसकी फोटो के साथ का कार्य दिया गया। | Digital Platform | 17 जून | 40 pairs | https://youtu.be/yxbArzXVlus | temples CG & GUJ |
| | | छात्राओं को कोविड-19 पर प्रश्नोत्तरी दी गई। | Digital Platform | 24 जून | 40 pairs | COVID-19 | |

PRINCIPAL
Govt. Dr W.W. Patankar
Girls' P.G. College, Durg (C.G.)

# Ek bharat Shreshth bharat







PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls P.G. College Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 30.10.2020

## गर्ल्स कॉलेज में
## गरबा स्पर्धा आयोजित

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में प्रतिवर्ष नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गरबा नृत्य कार्यक्रम "देशी डे" का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष यह कार्यक्रम ऑनलाईन एकल गरबा नृत्य स्पर्धा के रूप में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के नृत्य विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने की।

मुख्यअतिथि श्रीमती मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को युवा पीढ़ी तक पहुँचाना और संरक्षित रखना हमारा कर्त्तव्य है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों का आत्मबल बढ़ाने में सहायक होते है।

प्राचार्य डॉ. तिवारी ने आयोजन की प्रसंशा करते हुए कहा कि गरबा स्पर्धा एवं माटी शिल्प कार्यशाला महाविद्यालय की पहचान बन गयी है। हर संकाय की छात्राएँ इसमें बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लेती है जो शैक्षणेत्तर गतिविधियों की सफलता को इंगित करता है। डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और छात्राओं के उत्साह को बढ़ाना इन आयोजनों की वास्तविकता है।

संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि ऑनलाईन प्लेटफार्म पर आयोजित इस स्पर्धा से बहुत से लोगों को इससे जुड़ने का अवसर मिला है। बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता से निर्णायकों को चुनाव करने में अच्छी खासी मेहनत करनी पड़ी। इस स्पर्धा में कोरोना के संदेश को भी शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम का विशेषता थी कि "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अन्तर्गत महाविद्यालय के जोड़ीदार राज्य गुजरात के शासकीय महिला पॉलिटेक्नीक, अहमदाबाद (गुजरात) की छात्राओं ने अपनी विशेष प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में प्रथम कु. शारदा यादव, द्वितीय कु. प्रियंका चांदवानी एवं तृतीय कु. अपूर्वा दीक्षित रहीं। वहीं कोरोना संदेश गरबा के माध्यम से देने के लिए विशेष पुरस्कार कु. विभा कसेर को दिया गया।

सांत्वना पुरस्कार में कु. काजल, कु. निकिता, कु. प्रियंका, कु. विजयलक्ष्मी, कु. शिवानी तापड़िया का चयन किया गया। सभी प्रतिभागियों को ई–प्रमाणपत्र दिया गया।


आभार प्रदर्शन करते हुए डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि छात्राओं में ऊर्जा और प्रतिभा को उभारने यह प्रयास सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में बडी संख्या में प्राध्यापक, छात्राएँ जुड़ी।

PRINCIPAL
Govt. Dr W.W. Patankar
Girls P.G. College Durg (C.G.)

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग


गर्ल्स कॉलेज में

## गरबा स्पर्धा आयोजित













PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G.)

11/27/2021





PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G. College, Durg (C.G.)








PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls P.G. College Durg (C.G.)



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.09.2020

# प्रेस विज्ञप्ति

## गर्ल्स कॉलेज में

## ऑनलाईन स्पर्धाओं के परिणाम घोषित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के द्वारा अर्न्तमहाविद्यालयीन निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

ग्रंथपाल डॉ. रीता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती के अवसर पर पुस्तकालय एवं सूचनाओं के महत्व पर आधारित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसके परिणाम रहे – निबंध प्रतियोगिता में कु. छाया सोनी तथा कु. प्रज्ञा मिश्रा एवं ऊषा तारिणी क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान में रही, पोस्टर प्रतियोगिता में कु. वंदना सेंगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कु. आकांक्षा ठाकुर एवं स्वाति जैन ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाया।

ये प्रतियोगिताएँ ऑनलाईन आयोजित की गयी। सभी प्रतिभागियों को ई–सर्टिफिकेट दिए गए। विशेष पुरस्कार के तहत डॉ. सारिका टण्डन एवं कु. गोमती मारकण्डे, कु. रूपाली देशमुख का चयन किया गया।

म्हाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने सभी छात्राओं को बधाई दी है।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*


(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


PRINCIPAL
Govt. Dr W W Patanker
Girls' PG College. Durg (C G)

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

गर्ल्स कॉलेज में

## ऑनलाईन स्पर्धाओं के परिणाम घोषित






S.L

PRINCIPAL
Govt. Dr W.W. Patankar
Girls' P.G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16.02.2021

# महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर्व का आयोजन

कन्या महाविद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। दुर्ग –हिंदू कैलेंडर के अनुसार, वसंती पंचमी हर साल माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग में बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा का आयोजन किया गया।

नृत्य विभाग ने इसका आयोजन किया था. नृत्य विभाग के इस आयोजन में विभाग प्रमुख ऋचा ठाकुर ने विधिवत माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजन करवाया एवम् नृत्य विभाग की छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर् पर महाविधालय के प्राचार्य सुशील तिवारी ने भी संबोधित किया। कैम्प्स अम्बेसडर प्रज्ञा मिश्र ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की ।इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापक एवम् छात्राओं को बसंत् पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दी।








PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' PG College, Durg (C.G.)

# Basant Panchami

PRINCIPAL
Govt. Dr. W W Patankar
Girls PG College Durg (C.G.)










कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16.04.2021

## गर्ल्स कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव

शासकीय डॉ वामन वासुदेव पाटनकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला का आरम्भ किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारत की आजादी के 75 वर्षों का उत्सव "आजादी का अमृत महोत्सव" इस वर्ष मनाया जाना है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजन छिपी प्रतिभाओं को निखरने का मौका देते हैं, जो छात्राएं मंच में उतरने में संकोच करती हैं वे इसमें खुल कर हिस्सा लेती है।

नोडल अधिकारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा की कोरोना विभीषिका के चलते इसे डिजिटल प्लेटफोर्म पर प्रारंभ किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में एकल गायन, एकल नृत्य एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। एकल गायन और एकल नृत्य प्रतियोगिता देशभक्ति विषय पर रखी गयी वहीं चित्रकला का विषय मेरा भारत रखा गया।

एकल गायन स्पर्धा में प्रथम–नीलिमा सिरमौर (बीएससी–III), द्वितीय–परीना जॉर्ज (बीकॉम–II), तृतीय–पी.शिवानी(एमए–भूगोल) रहीं तथा विधि कौर (बीए–I) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम–दीपिका साहू (बीए–I), द्वितीय–आंचल साहू (बीए–III), तृतीय–मेघा जोशी (बीए–II) एवं सांत्वना पुरस्कार काजल सोनी (बीए–II) और निकिता गुप्ता (बीएससी गृह विज्ञान–I)को प्राप्त हुआ।

चित्रकला स्पर्धा में प्रथम–रिया बारले (बीए–I), द्वितीय–कावेरी कुम्भकार (बीएससी–III) एवं तृतीय–मेघा जोशी (बीए–II) साथ ही सांत्वना पुरस्कार वैभवी चौबे (बीए–III) को दिया गया। छात्राओं ने इसमें बढ़चढ़ कर भाग लिया।


बीए अंतिम वर्ष की छात्रा आँचल साहू ने कहा कि इस वर्ष कोरोना के कारण कोई भी सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन नही हो पाया। जो भी कार्यक्रम हुए वे डिजिटली ही आयोजित किये गए।

प्रथम वर्ष की दीपिका ने कहा महाविद्यालय ने इस प्रतियोगिता की आयोजन कर हमें अपनी एकल प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया है।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी।


(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Dr W.W. Patankar
Girls' P.G. College, Durg (C.G.)


GOVT.WW PATANKAR GIRLS' PG
COLLEGE DURG
आजादी का अमृत महोत्सव
एक भारत श्रेष्ठ भारत
NIKITA GUPTA
AANCHAL SAHU
MEGHA JOSHI
PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar






आज़ादी का अमृत महोत्सव
Kiran Sonber
B.A. II


भारत
Name - Kaveri
Kumbhkar
(BSc-III)
PRINCIPAL
Govt Dr W W Patankar
Girls PG College Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.04.2021

## गर्ल्स कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर भूतपूर्व और वर्तमान छात्राओं का सम्मिलन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के नृत्य विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर भूतपूर्व और वर्तमान में नृत्य विषय अध्ययनरत छात्राओं का सम्मिलन समारोह ऑनलाईन आयोजित किया गया। देश के अलग–अलग हिस्सों में निवासरत छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी भगीदारी की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर आशीर्वचन देते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय के लिये यह अत्यंत गौरव की बात है कि इस अंचल में केवल यहीं नृत्य स्नातक स्तर पर विषय के रूप में पढ़ाया जाता है और छात्राओं में इसे सीखने की अत्यधिक रूचि भी है।

विभाग की पूर्व छात्रायें अपने–अपने स्थानों पर अपना नृत्य का हुनर बनाये और रूचि बचाये हुये हैं यहीं सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस विषय में स्नातकोत्तर कक्षायें भी आरंभ करने हेतु शासन स्तर पर पहल की जायेगी।

कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम छात्राओं ने भूमिवंदना की जो कि अद्भुत संगत को परिभाषित कर रहा था। इसके पश्चात् सर्वप्रथम बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. दीपिका साहू ने जीवन और नृत्य को जोड़ते हुए कविता पाठ किया। बी.ए. प्रथम की कु. शेफाली सेन ने विश्व नृत्य दिवस की अवधारणा को बताते हुए नृत्य को आत्मा से जोड़ने वाली कहा।

महाविद्यालय की पूर्व छात्रा निकिता पाण्डेय ने कहा कि यहाँ से निकलने के बाद वे छोटे–छोटे बच्चों को शास्त्रीय नृत्य सिखाने की कोशिश कर रहीं हैं। विभा कसेर ने कहा कि– भरत नाट्यम सीखने से स्वयं में अनुशासन की अनुभूति हुई हैं।

बी.ए. अंतिम की छात्रा रिया टेम्बुरकर ने बताया कि – शास्त्रीय नृत्य सीखने से उन्हें अन्य नृत्य को समझना आसान हुआ और वे कोरियोग्राफी के क्षेत्र में जाना पसंद करेगी। वहीं जम्मू में छोटे–छोटे बच्चों को शास्त्रीय नृत्य भरत नाट्यम का प्रशिक्षण देने वाली कीर्ति कश्यप ने कहा कि इस महाविद्यालय में प्राथमिक तौर पर भरत नाट्यम सीखना उनके जीवन का सबसे अच्छा अनुभव रहा। वे अपने बच्चों को भी यह नृत्य सिखा रही हैं।

बी.ए. द्वितीय वर्ष की शारदा एवं काजल ने बताया कि वे इस महामारी के बचाव के संदेश पर छोटा सा नृत्य तैयार कर रही है जिसे शीघ्र ही वेबसाईट पर हम देख सकेंगे।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि स्नातक स्तर पर हर तरह की छात्रायें प्रवेश लेती हैं। कुछ में शीघ्र सीख लेने की प्रतिभा होती है कुछ को समय लगता है किन्तु दोनों ही तरह की छात्रायें यहाँ के अनुभव को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करती हैं और महाविद्यालय से जाने के बाद भी विभाग से जुड़ाव महसूस करती है।

इतिहास विषय की सहायक प्राध्यापक शबीना बेगम ने आभार व्यक्त किया और साथ ही अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे स्कूली जीवन में नृत्य पसंद करती थीं लेकिन महाविद्यालय में नृत्य लेने के बाद उन्हें अनेक स्थानों में प्रदर्शन करने का मौका मिला और इसमें उन्होंने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व भी किया। इस डिजिटल कार्यक्रम में नृत्य विषय की अनेक छात्रायें उपस्थित थी।

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' PG College, Durg (C.G.)

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)









PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G.)

11/27/2021





PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' P.G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 15.05.2021

गर्ल्स कॉलेज में
<u>ऑनलाईन यूट्यूब प्रस्तुति</u>
<u>इम्प्रूव योर इम्यूनिटी (नृत्य विभाग)</u>







PRINCIPAL
Govt Dr W W Patankar
Girls' PG College Durg (CG)


कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


दुर्ग, दिनांक : 01.06.2021

गर्ल्स कॉलेज में

ऑनलाईन यूट्यूब प्रस्तुति

इजी स्टेप्स टू मॉनिटर बेसिक हेल्थ कंडीशन (नृत्य विभाग)




PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls' PG College, Durg (C.G.)

# International Virtual Yoga Day









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.03.2021

# "रजा लय" का कला वीथिका घासीदास संग्रहालय रायपुर में हुआ शुभारंभ


कला वीथिका घासीदास संग्रहालय रायपुर में चित्रकला विभाग शास.डॉ.वा.वा.पा.कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग और रजा फाउंडेशन नई दिल्ली के तत्वाधान में सैय्यद हैदर रजा के चित्रों के प्रिंट्स की प्रदर्शनी एवं चित्रकला कार्यशाला का शुभारंभ पद्मभूषण तीजन बाई के करकमलों से हुआ। यह प्रदर्शनी 7 मार्च से 9 मार्च 2021 तक कला प्रेमियों के लिये प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक खुली रहेगी।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित रजा के चित्रों की बारीकियो एवं आयोजन के बारे में बताया।

तीजन बाई ने कहा की कला कोई भी हो वह संस्कृति का सरंक्षण करती है, और इस तरह के आयोजन इसका प्रमाण है। उन्होंने अपने संस्मरण भी सुनाए।

इस अवसर पर कला प्रेमी और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुशील चन्द्र तिवारी एवं प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल, ऋचा ठाकुर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनूप रंजन ने किया।





PRINCIPAL
Govt. Dr W W Patankar
Girls' P.G. College, Durg (C G)